राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.8(57)/RSSB/प.आ./परीक्षा तिथि निर्धारण(विविध)/2021–22/ दिनांकः यथाहस्ताक्षरार्थ

486
21.5.26

अतिरिक्त मुख्य सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

विषयः– बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली आगामी भर्ती प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा निम्नानुसार आगामी परीक्षाओं का आयोजन किया जावेगा :–

क्र.स.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक
1.	वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा–2026	28.06.2026 (रविवार)
2.	लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा –2026	05.07.2026 (रविवार)
3.	पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा–2026	24.07.2026 (शुक्रवार)
4.	वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा –2025	22.08.2026 (शनिवार)
5.	बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा –2025	23.08.2026 (रविवार)
6.	शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा –2025	13.09.2026 (रविवार)

उक्त सभी सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षाएं वृहद् हैं, जो राजस्थान के 38 जिलों में आयोजित की जा रही है। इन परीक्षाओं में लगभग 4 से 6 लाख अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना है। उक्त परीक्षाओं का आयोजन कार्यक्रम बोर्ड के परीक्षा कैलेंडर वर्ष 2025–26 दिनांक 03.06.2025 के माध्यम से पूर्व में तथा समय–समय पर प्रेस विज्ञप्तियों के द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। राज्य सरकार परीक्षाओं के समयबद्व, निष्पक्ष एवं सफल आयोजन के लिए अत्यन्त गंभीर है।

अतः इसके दृष्टिगत निवेदन है कि उक्त तालिका में अंकित तिथियों को विश्वविद्यालयों में एवं अधीन महाविद्यालयों/विद्यालायों द्वारा आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षाओ तथा विभिन्न परीक्षा आयोजक एजेंसियों द्वारा अपने परीक्षा कार्यक्रम निर्धारण किये जाते है, तो उक्त तिथियों को छोडकर अन्य तिथियों मे कार्यक्रम निर्धारण कराने हेतु निर्देश प्रदान कराने का श्रम करावें ताकि उक्त परीक्षाएं समयबद्व रूप से निर्विध्न एवं बिना तिथि टकराव के सम्पादित हो सके।

कार्यालय
अतिरिक्त मुख्य सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
डायरी संख्या 9651
दिनांक 18/5/26

भवदीय,

सचिव